देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 32 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
ईरान बन रहा
बड़ा खतरा




# पेज थ्री

देहरादून, गुरूवार, 2 मई 2024

PAGE 3 PUBLICATION




मौसम अधिकतम 34.0° न्यूनतम 22.0°

74482.78

2 दुबई में फिर जल प्रलय का खतरा

7 हार्दिक पांड्या पर लगा जुर्माना

# चाय वाला क्या करेगा...मेरा मजाक उड़ाते थे

## बनासकांठा से प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बनासकांठा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गुजरात के बनासकांठा में विजय विश्वास सभा को संबोधित किया। गुजरात दिवस के अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि ये दिन नए संकल्प और ऊर्जा का दिन है। उन्होंने कहा कि आइए आज संकल्प लें कि विकसित भारत बनाने के लिए हम विकसित गुजरात बनाने में कोई पीछे नहीं हटेंगे। पीएम मोदी ने पिछले 10 वर्षों का उल्लेख किया और कहा श्मैंने इस देश की क्षमता देखी है, जिसके आधार पर मैं अपनी गारंटी देता हूं। मेरी गारंटी खोखले वादे नहीं हैं। वे मेरे अनुभव और भारत की प्रतिभा की समझ से उपजे हैं, जो मुझे विश्वास दिलाता है कि हम क्या हासिल कर सकते हैं।

विजय विश्वास सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, मैं गारंटी लेकर आया हूं और मेरी गारंटी है कि आने वाले मेरे तीसरे टर्म में मैं हिंदुस्तान को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना के रहूंगा। जब देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा तब उसकी समृद्धि, सामर्थ्य और उसका लाभ, वर्तमान पीढ़ी को भी मिलेगा और आपकी आने वाली पीढ़ी को मिलेगा।

इस बीच पीएम मोदी ने कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। कांग्रेस के चायवाला कमेंट पर पीएम मोदी ने कहा 2014 में जब मैं पहली बार लोकसभा के मैदान में आया तो कांग्रेस के पास मुद्दे थे कि ये चाय वाला क्या करेगा। ये मेरा मजाक उड़ाते थे, लेकिन देश ने उनकी इस हरकतों को ऐसा जवाब दिया कि जो कभी 400 सीट लेकर बैठते थे वो 40 सीट पर आ गए।

पीएम मोदी ने 2019 के चुनाव को याद करते हुए कांग्रेस पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि 2019 में उन्होंने कोई सबक नहीं लिया और कहा– चौकीदार चोर है और मोदी खून की दलाली करता है। भांति–भांति के झूठ फैलाए, लेकिन जनता ने फिर उनका हाल ये कर दिया कि वो अधिकृत रूप से विपक्ष में बैठने लायक भी नहीं रहे। देश के लोगों ने कांग्रेस के हर इरादे को जान लिया है इसलिए निराशा की गर्त में डूबी कांग्रेस आज अपनी पार्टी को भी नहीं संभाल पा रही है।



### पीएम मोदी का कांग्रेस को संदेश

गुजरात से पीएम मोदी ने कांग्रेस को कड़ा संदेश दिया और आरक्षण को लेकर जमकर बोला। उन्होंने कहा, कांग्रेस की जमात कान खोलकर सुन ले। ये मोदी है, मोदी जब तक जिंदा है– मैं कभी भी धर्म के आधार पर आरक्षण का खेल खेलने नहीं दूंगा। एससी, एसटी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के गरीब... उनको जो आरक्षण मिला है, संविधान के तहत मिला है। बाबा साहेब के आशीर्वाद से मिला है। उसमें रत्ती भर भी कोई लूट नहीं सकता है। कांग्रेस की हिम्मत है तो घोषणा करके देख ले... मैं चुनौती देता हूं।

## अमित शाह ने कोरबा रैली में कांग्रेस पर निशाना साधा

कोरबा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने परिवारवाद के मुद्दे पर कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है। शाह ने कहा कि खरगे जी आप एक परिवार के भाई–बहन के लिए झूठ क्यों बोल रहे हैं। चार जून को आपकी पार्टी के हारने के बाद हार का ठीकरा आप पर ही फूटेगा। इससे पहले भी कांग्रेस में ऐसा ही हुआ है। आप की बलि चढ़ा दी जाएगी। कांग्रेस की नीति झूठ बोलने, जोर से बोलने, बार–बार बोलने और सार्वजनिक रूप से बोलने की है। जब तक भाजपा का एक भी सांसद है तब तक आरक्षण नहीं हटने वाला। भाजपा ने पिछले दस साल में बहुमत का प्रयोग देश को मजबूत बनाने में किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सच्चाई जल्द सामने आएगी: प्रज्वल रेवन्ना

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बेंगलुरु। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के विधायक बेटे एचडी रेवन्ना और सांसद पोते प्रज्वल रेवन्ना की कथित अश्लील वीडियो मामले में मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अब इस मामले में एसआईटी ने जांच के सिलसिले में दोनों आरोपियों को नोटिस भेजा है और पूछताछ के लिए बुलाया है। प्रज्वल रेवन्ना ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, चूंकि मैं पूछताछ में शामिल होने के लिए बेंगलुरु में नहीं हूं, इसलिए मैंने अपने वकील के माध्यम से सीआईडी बेंगलुरु को सूचित कर दिया है। सच्चाई जल्द ही सामने आएगी।

### रूपाली गांगुली ने थामा भारतीय जनता पार्टी का हाथ

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। सबकी चहेती अनुपमा रूपाली गांगुली ने राजनीति की दुनिया में कदम रख दिया है। बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में उन्होंने बीजेपी ज्वाइन की है। रूपाली ने कहा कि मैं किसी तरह से मोदी जी के बताए रास्ते पर चलूं और किसी तरह से देश सेवा करूं।

# कोई उनकी नाक के नीचे से भाग गया है और वे चुप हैं

## प्रज्वल रेवन्ना को लेकर प्रियंका गांधी का बीजेपी पर वार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

धुबरी। लोकसभा चुनाव के बीच बीजेपी की सहयोगी जेडीएस के मौजूदा उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगा है। चुनावी रैली में कांग्रेस इस मुद्दे के जरिए बीजेपी पर निशाना साध रही है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने असम के धुबरी में एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि मोदी सरकार ने प्रज्वल रेवन्ना को भारत छोड़ने से नहीं रोका।

प्रियंका गांधी ने आगे कहा, अभी कुछ दिन पहले, मैं अपनी बेटी से मिलने के लिए विदेश गई थी। फिर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री मेरी विदेश यात्राओं पर चर्चा करने लगे। वे अच्छी तरह जानते हैं कि मैं कब यात्रा करती हूं, यहां तक घ्छकि वे विपक्षी नेताओं की यात्राओं पर भी नजर रखते हैं। फिर भी, जब कोई आरोपी, उनके (प्रज्वल) जैसा कोई व्यक्ति, देश छोड़ देता है, तो उन्हें खबर नहीं होती है। इसे कोई कैसे स्वीकार कर सकता है? इतना गंभीर अपराध करने के बाद कोई उनकी नाक के नीचे से भाग गया है और वे चुप हैं। प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं का यौन शोषण करने का आरोप है। कर्नाटक पुलिस ने गंभीर आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया है। प्रियंका गांधी सीएम हिमंत पर तंज कसते हुए कहा,जब आपके सीएम कांग्रेस पार्टी में थे, तब उनके खिलाफ गंभीर आरोप थे। जैसे ही वह बीजेपी में गए, उनके खिलाफ सभी आरोप धुल गए। बीजेपी ने एक वॉशिंग मशीन विकसित की है।

कांग्रेस नेता ने चुनावी बॉड मुद्दे पर भी बीजेपी पर हमला बोला। उन्होंने कहा,बीजेपी सिर्फ 10 साल में दुनिया की सबसे अमीर पार्टी बन गई, लेकिन कांग्रेस ने 70 साल में इतनी कमाई नहीं की।

### तेलंगाना में बीजेपी असदुद्दीन ओवैसी के साथः प्रियंका गांधी

प्रियंका ने कहा कि असम में माफिया राज चल रहा है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने दावा किया कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा कई घोटालों में शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा, हिमंत सरमा और आईयूडीएफ के बदरुद्दीन अजमल के साथ समझौता है। वहीं, तेलंगाना में बीजेपी असदुद्दीन ओवैसी के साथ है। इन दोनों का उद्देश्य कांग्रेस को हराना है।

# दिल्ली–एनसीआर के 175 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। राजधानी के 162 स्कूल समेत गौतमबुद्ध नगर के पांच, गुरुग्राम के पांच और गाजियाबाद के तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से सुबह से दोपहर तक अफरा–तफरी की स्थिति बनी रही। बुधवार सुबह जैसे ही स्कूल खुलने शुरू हुए और बच्चों का आना शुरू हुआ एक के बाद एक कई स्कूलों को धमकी भरे मेल मिलने से स्कूलों में छुट्टियां घोषित कर दी गई। सुबह छह बजे से ही मेल आने शुरू हो गए थे।

स्कूल प्रशासन की नजर जैसे–जैसे मेल पर पड़ती गई आनन–फानन में तत्काल पुलिस को सूचना दी गई और स्कूलों को खाली कराया गया। स्कूलों को मेल अलग–अलग समय में भेजे गए। जिन स्कूलों में सुबह ही मेल पर नजर पड़ गई उनमें स्कूल पहुंचने वाले बच्चों को स्कूल बंद होने की बात बताकर लौटा दिया गया। इस दौरान जो बस बच्चों को लेकर स्कूल पहुंची रही थी उसके चालकों को बोलकर बच्चों को वापस घर छुड़वा दिया गया। अलग–अलग स्कूलों से सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना पुलिस, बम स्क्वायड, डाग स्क्वायड, कैट एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच कर पूरे परिसर को खाली करवा चप्पे–चप्पे की जांच में जुट गई, लेकिन कहीं भी बम जैसी वस्तु न मिलने पर सभी ने राहत की सांस ली और मेल को फर्जी करार दिया जाता रहा।

### धमकी

■सुबह छह बजे से स्कूलों को आने शुरू हुए धमकी भरे मेल

### गृह मंत्रालय भी सकते में आया

एक के बाद कई मेल आने पर न केवल दिल्ली पुलिस ही नहीं बल्कि गृह मंत्रालय भी सकते में आ गया। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को मंत्रालय में तलब कर पूरे मामले की जानकारी प्राप्त की और आरोपित को जल्द से जल्द पकड़ने के निर्देश दिए।


Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# मई में लू बढ़ाएगी और मुसीबत

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। देश के कई हिस्सों में इन दिनों प्रचंड गर्मी का कहर जारी है। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया है कि आईएमडी के मुताबिक, पूर्वोत्तर–उत्तर–पश्चिम और मध्य भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में मई में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

### मौसम विज्ञान विभाग का अलर्ट

दक्षिण राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश, विदर्भ, मराठवाड़ा, गुजरात में मई में पांच से आठ अतिरिक्त दिन लू चलने का अनुमान है।

मौसम विभाग ने बताया कि पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में अप्रैल में औसत न्यूनतम तापमान 1901 के बाद से सबसे अधिक था। इस दौरान तूफान की आवृत्ति औसत से कम रही। इस वजह से पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में तापमान अपेक्षाकृत अधिक था।

मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में अप्रैल में औसत अधिकतम तापमान 1901 के बाद दूसरी बार सबसे अधिक रहा। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में 1980 के दशक से सामान्य से अधिक अधिकतम तापमान लगातार जारी है।

# पाकिस्तान से एक दिन हिंदुओं का खात्मा दिखेगा

## हिंदू सांसद दनेश कुमार ने संसद में पीएम शहबाज को जमकर धोया

आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में हिंदुओं का हाल किसी से छिपा नहीं है। हिंदू लड़कियों का अपहरण और उनके जबरन धर्म परिवर्तन के बारे में रिपोर्ट आती रहती है। पाकिस्तान बेशर्मी के साथ इन रिपोर्ट को नकार देता है। लेकिन अब उसके एक सांसद ने पूरे पाकिस्तान की कट्टर सोच की पोल खोलकर रख दी है। सांसद दनेश कुमार ने पाकिस्तानी संसद में गरजते हुए कहा कि हिंदू लड़कियों को जबरन इस्लाम कबूल करवाया जा रहा है। उन्होंने पाकिस्तान के संविधान और इस्लाम की आयतों का जिक्र करते हुए कहा कि जबरन धर्म परिवर्तन कराने वाले न संविधान मानते हैं और न इस्लाम।

उन्होंने कहा, सिंध में पक्के के डाकू हमारी हिंदू लड़कियों को जबरदस्ती इस्लाम कबूल करवा रहे हैं। कच्चे के डाकू तो सिर्फ अगवा करते हैं। हालांकि पाकिस्तान का संविधान कहता है कि किसी का जबरन धर्म परिवर्तन नहीं किया जा सकता। कुरान पाक कहता है कि मजहब में कोई जबर नहीं। आपका मजहब आपके लिए हमारा मजहब हमारे लिए। तो ये जालिम लोग न पाकिस्तान के संविधान को मानते हैं और न कुरान को मानते हैं। ये जबरदस्ती हमारी लड़कियों का मजहब बदलवाते हैं। उनके इस बात के कहने के बात सांसदों ने मेज थपथपाई।



दनेश कुमार ने आगे कई सूफी संतों का जिक्र करते हुए कहा कि इनके खास लोग हिंदू थे, फिर भी उन्होंने कोई जोर जबरदस्ती नहीं की। उन्होंने आगे कहा, संघार में प्रिया कुमारी जिसकी उम्र 6 साल थी उसे मोहर्रम के महीने में अगवा कर लिया गया। उसके मां–बाप लोगों को पानी पिला रहे थे। आज दो साल हो गए, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला है। जिस आदमी ने अगवा किया, उसका नाम हर किसी को पता है। वो भी पक्के का डाकू है, लेकिन सिंध की सरकार हाथ नहीं डालती है। उस आदमी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए, ताकि प्रिया आजाद हो सके।

उन्होंने आगे कहा कि सिंध को बलोचिस्तान से सीखना चाहिए। बलोचिस्तान में जुल्म नहीं हो रहा। पाकिस्तान का संविधान इजाजत देता है कि यहां जो भी लोग हैं वो अपनी तबलीग कर सकते हैं। लेकिन गैर मुस्लिम किसी पर भी जुल्म नहीं करते। उन्होंने आगे कहा, श्कहते हैं जॉइंट इनवेस्टिगेशन टीम बनी है। जिन लोगों ने प्रिया कुमारी को अगवा किया, उन्हें एयर कंडीशन रूम में बैठाकर पूछताछ की जाती है। ये कहां का जुल्म है। हमारे दुश्मन मुल्क मेरी जन्मभूमि पर इन मामलों के कारण उंगली उठा रहे हैं। आप (स्पीकर) कुछ कीजिए, नहीं तो एक दिन आपको यहां से हिंदुओं का खात्मा नजर आएगा।

## न्यूज डायरी



### कोलंबिया यूनिवर्सिटी के फलिस्तीन समर्थक छात्रों पर बड़ा एक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। फलीस्तीनी समर्थक छात्र अमेरिका भर के कॉलेजों में प्रदर्शन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के कैंपस में तंबू लगाकार कई दिनों से छात्र विरोध प्रदर्शन करने में जुटे हुए हैं। पुलिस बार बार छात्रों से अपील कर रही है कि वे तत्काल कैंपस से हट जाएं। वहीं, कोलंबिया विश्वविद्यालय ने कहा है कि वह छात्रों को निलंबित करना शुरू कर रहा है। इसके अलावा पुलिस ने टेक्सास विश्वविद्यालय में प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह एक्शन रात 9 बजे के बाद लिया। वहीं, पुलिस ने हेलमेट पहने हुए और जिप टाई और दंगा ढाल लेकर, आइवी लीग विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार पर पुलिस अधिकारी एकत्र हुए। अधिकारियों ने कैंपस को खाली करने के लिए कई कड़े कदम उठाए। छात्रों द्वारा प्रदर्शन कर रहे बने तंबुओं को भी उखाड़ दिया। इस महीने की शुरुआत में कोलंबिया में विरोध प्रदर्शनों की शुरुआत हुई जो अब कैलिफोर्निया से लेकर मैसाचुसेट्स तक फैल चुका है। जैसे–जैसे मई के शुरुआत में होने वाले समारोह नजदीक आ रहे हैं, प्रशासकों को प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए अतिरिक्त दबाव का सामना करना पड़ रहा है।

### अमेरिका में यूट्यूबर पैराग्लाइडर से 85 फीट गिरा नीचे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंग्टन। आज–कल लोगों के बीच खेलों में पैराग्लाइडिंग भी अधिक चर्चा में है। हालाँकि, इस खेल के साथ कई जोखिम भी जुड़े हुए हैं। पैराग्लाइडरों के पैराग्लाइडिंग के बीच कई घटनाएं भी सामने आती रहती हैं। इसी तरह की एक घटना में, पैरामोटर पायलट और यूट्यूबर एंथनी वेला संयुक्त राज्य अमेरिका के टेक्सास के उत्तर–पश्चिम में एनचांटेड रॉक स्टेट पार्क में अपने पैराग्लाइडर के गिरने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे में उनकी गर्दन, पीठ और श्रोणि में फ्रैक्चर हो गया है। यह हादसा कैमरे में कैद हो गया। घटना के एक यूट्यूब वीडियो में जिसका शीर्षक है पैरामोटर क्रैश ने लगभग मेरी जिंदगी खत्म कर दी,33 वर्षीय ने कहा कि उसने बीजीडी लूना 3 का परीक्षण करते समय जमीन से 80–100 फीट की ऊंचाई पर नियंत्रण खो दिया था, जो 50 मील प्रति घंटे की रफ्तार से यात्रा कर रहा था। अब वायरल हो रहा वीडियो पैराग्लाइडर को नियंत्रित करने के लिए व्यक्ति के प्रयासों को दर्शाता है। हालाँकि, सभी कोशिशें नाकाम रहती हैं और वह जमीन पर गिर जाता है। फुटेज में उसे दर्द से चिल्लाते हुए और सिरी को आपातकालीन नंबर 911 पर कॉल करने के लिए कहते हुए भी दिखाया गया है। बाद में क्लिप में, उसने कहा कि प्री–टेकऑफ चेकअप के दौरान एक छोटी पेंशन गाँठ छूट जाने के कारण दुर्घटना हुई।

### कोविशील्ड वैक्सीन के दुष्प्रभावों के मामलों पर एस्ट्राजेनेका कंपनी ने तोड़ी चुप्पी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। एस्ट्राजेनेका की कोविड वैक्सीन से साइड इफेक्ट को लेकर कई तरह की चिंताएं सामने आई हैं। कंपनी ने माना है कि कुछ मामलो में वैक्सीन के दुष्प्रभाव हो सकते हैं। ब्रिटेन की एक अदालत में दवा कंपनी के खिलाफ 100 मिलियन पाउंड के क्लास एक्शन मुकदमे में यह स्वीकार किया कि टीका थ्रोम्बोसिस थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) का कारण बन सकता है। इसके बाद दुनियाभर से सामने आई चिंताओं को देखते हुए फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका ने मरीजों की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। भारत में कोविशील्ड के नाम से वैक्सीन बनी है और लोगों को दी गई है। एस्ट्राजेनेका की ओर से जारी बयान में कहा गया है, हमारी सहानुभूति उन लोगों के प्रति है जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है या जिन लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं हुई हैं। रोगी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और नियामक अधिकारियों के पास टीकों सहित सभी दवाओं के सुरक्षित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट और कड़े मानक हैं। दुनियाभर की नियामक एजेंसियां इस बात को भी मानती हैं कि टीकाकरण के लाभ कुछ दुर्लभ मामलों में होने वाले दुष्प्रभावों से कहीं ज्यादा हैं। कोरोना वायरस महामारी आने के बाद एस्ट्राजेनेका कंपनी ने 2021 में इसका टीका तैयार किया था। भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने एस्ट्राजेनेका को कोविशील्ड के नाम से ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर बनाया।

## दुबई में एक बार फिर जल प्रलय का खतरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) इस हफ्ते एक बार फिर से भारी बारिश का सामना कर सकता है। इसे देखते हुए सरकार ने लोगों से सावधानी बरतने और बेवजह घर से ना निकलने के लिए कहा गया है। अधिकारियों को उम्मीद है कि मौसम की स्थिति पिछले महीने की तरह गंभीर नहीं होगी लेकिन सुरक्षा संबंधी सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

नेशनल इमरजेंसी क्राइसिस और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनसीईएमए) ने बारिश के पुर्वानुमान को देखते हुए बैठक की है। बैठक में यूएई के आंतरिक मंत्रालय (एमओआई), राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र और दूसरे सरकारी विभागों के अफसर भी शामिल थे।

अरब बिजनेस न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, बैठक में सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने, परेशानी को कम करने के लिए और व्यवसाय को कम से कम नुकसान हो, इस पर चर्चा की गई। इस चीजों को देखते हुए मौसम की स्थिति पर बारीकी से निगरानी रखने के महत्व पर जोर दिया गया। एनसीईएम ने बताया कि बीते महीने जिस तरह से भारी बारिश हुई, उस तरह से मौसम रहने की इस बार उम्मीद नहीं है। बुधवार रात से गुरुवार तक संयुक्त अरब अमीरात के कई इलाकों में मध्यम से भारी बारिश होगी।



### चीन में भारी बारिश का कहर, हाईवे का हिस्सा ढहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन के दक्षिणी गुआंग्डोंग प्रांत के मीझोउ शहर में हाईवे का एक हिस्सा ढह गया। इस हादसे में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस इलाके में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है। बचावकर्मियों ने 30 लोगों को अस्पताल पहुंचाया है। सरकारी न्यूज चौनल सीसीटीवी ने कहा कि गुआंग्डोंग प्रांत में मीझोउ शहर और डाबू काउंटी के बीच सड़क का एक हिस्सा देर रात करीब 2रू10 बजे धंस गया। चैनल ने आगे जानकारी दी कि इस घटना के कारण 18 वाहन फंस गए और 31 लोगों को घटनास्थल से बचाया गया और अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उन्होंने एक तेज आवाज सुनी और उन्होंने देखा कि सड़क पर कई मीटर चौड़ा एक गड्ढा बन गया।

## कोरोना का पहला सिक्वेंस डिकोड करने वाले चीनी विज्ञानी को लैब से निकाला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

शंघाई। चीन में कोरोना वायरस का सिक्वेंस को डिकोड करने वाले पहले विज्ञानी को उनकी लैब से बाहर निकाल दिया गया है। इसके विरोध में उन्हें धरने पर बैठना पड़ा है। विषाणु विज्ञानी झांग योंगझेन ने जनवरी 2020 में कोरोना का सिक्वेंस डिकोड किया था। यह कदम दिखाता है कि चीन की सरकार विज्ञानियों पर लगातार दबाव बना रही है ताकि कोरोना वायरस महामारी के प्रकोप से निपटने के उसके तरीके की समीक्षा नहीं हो सके।

विषाणु विज्ञानी झांग योंगझेन ने आनलाइन पोस्ट में लिखा कि उन्हें तथा उनकी टीम को पता चला कि उन्हें उनकी प्रयोगशाला से बाहर निकाला जा रहा है। झांग ने चीनी इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म वीबो पर यह पोस्ट लिखा था, लेकिन बाद में इसे हटा दिया गया।

■धरने पर बैठकर योंगझेन ने जताया विरोध

शंघाई पब्लिक हेल्थ क्लिनिकल सेंटर ने ऑनलाइन बयान में कहा कि झांग की लैब को सुरक्षा कारणों से इसे बंद किया गया है। उन्हें वैकल्पिक प्रयोगशाला मुहैया कराई गई है। लेकिन झांग ने लिखा कि उनकी टीम को उनके निष्कासन की सूचना मिलने तक कोई विकल्प नहीं दिया गया था।

दरअसल चीन नहीं चाहता कि कोरोना के प्रकोप के शुरुआत किस तरह हुई इस बारे में दुनिया को पता चले। उसने इस बारे में शोध कर रहे विज्ञानियों के प्रयोगशालाओं को बंद करवा दिया है। विदेशी विज्ञानियों को देश से बाहर कर दिया है। चीनी शोधकर्ताओं को देश छोड़ने पर रोक लगा दी गई है।

झांग की चुनौतियां तब शुरू हुई जब उन्होंने और उनकी टीम ने पांच जनवरी, 2020 को वायरस को डिकोड किया और चीनी अधिकारियों को इसके फैलने की आशंका को लेकर चेताया। हालांकि वायरस के सिक्वेंस को सार्वजनिक नहीं किया। अगले दिन चीन के शीर्ष स्वास्थ्य अधिकारी ने झांग की प्रयोगशाला को अस्थायी रूप से बंद करने का आदेश दिया गया।

### भारत के दावे पर अब अमेरिका ने दी सफाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू मामले में अमेरिकी मीडिया वाशिंगटन पोस्ट के आरोप के बाद दोनों देशों के बीच सवाल–जवाब का दौर जारी है। वाशिंगटन पोस्ट के आरपों को भारत सरकार के द्वारा खारिच करने के बाद अमेरिका ने इसपर प्रतिक्रिया दी है। अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा है कि खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नून की हत्या की साजिश से संबंधित आरोपों की जांच में संयुक्त राज्य अमेरिका भारत के साथ नियमित रूप से काम कर रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल की टिप्पणी वाशिंगटन पोस्ट द्वारा अज्ञात स्रोतों का हवाला देते हुए पिछले साल अमेरिकी धरती पर पन्नून को मारने की कथित साजिश के संबंध में रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के एक अधिकारी का नाम लेने के बाद आई है। भारत ने वाशिंगटन पोस्ट के आरपों को दावों को दृढ़ता से खारिज कर दिया।

Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# यात्रियों को केदारनाथ धाम में स्वच्छ एवं साफ वातावरण उपलब्ध हो

**तैयारी** संबंधित विभागों द्वारा तैयारियां एवं व्यवस्थाएं त्वरित गति से की जा रही

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। श्री केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए 10 मई को खोल दिए जाएंगे। केदारनाथ धाम में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं एवं तीर्थ यात्रियों को यात्रा मार्ग एवं केदारनाथ धाम में स्वच्छ एवं साफ वातावरण उपलब्ध हो, इसके साथ ही सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों इसके लिए जिलाधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में संबंधित विभागों द्वारा अपनी–अपनी तैयारियां एवं व्यवस्थाएं त्वरित गति से तत्परता से की जा रही हैं। जिससे कि दर्शन करने आने वाले तीर्थ यात्रियों को यात्रा मार्ग सहित केदारनाथ धाम में आनंद की अनुभूति महसूस हो।

श्री केदारनाथ धाम की यात्रा को सुगम, सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए जिलाधिकारी के निर्देशन में संबंधित विभागों द्वारा अपनी–अपनी तैयारियां एवं व्यवस्थाएं त्वरित गति से की जा रही है। श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने आने वाले तीर्थ यात्रियों को स्वच्छ एवं साफ वातावरण उपलब्ध हो, इसके लिए नगर पंचायत केदारनाथ द्वारा केदारनाथ धाम में सरस्वती नदी, मंदाकिनी नदी के घाटों, मंदिर परिसर एवं हैलीपैड़ सहित पूरे केदारपुरी की साफ–सफाई की जा रही है।



इस आशय की जानकारी देते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत केदारनाथ चंद्रशेखर चौधरी ने कहा कि नगर पंचायत के कार्मिक निरंतर सफाई कार्य में लगे हैं। सुलभ इंटरनेशनल के इंचार्ज धनंजय पाठक ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देशन में सोनप्रयाग से लेकर केदारनाथ धाम तक सुलभ इंटरनेशनल के पर्यावरण मित्रों द्वारा निरंतर साफ–सफाई का कार्य किया जा रहा है तथा जो भी कूड़ा, प्लास्टिक एकत्रित किया जा रहा है उसे काम्पेक्टर मशीन सोनप्रयाग भेजा जा रहा है।

अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत संजय कुमार ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देशन में अनुबंधित अमन हाइजिन सैनेटेशन संस्था के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों किनारे जो भी झाड़ियां हो रखी हैं उसकी कटाई का कार्य किया जा रहा है। साथ ही सड़क के दोनों ओर एवं नालियों की सफाई की जा रही है जिससे कि प्लास्टिक कूड़े को एकत्रित करते हुए काम्पेक्टर मशीन मयाली एवं मनसूना भेजा जा रहा है। जिससे काम्पेक्टर मशीनों से प्लास्टिक कम्पेक्ट करके हरिद्वार भिजवाया जा रहा है।

अधिशासी अभियंता डीडीएमए विनय झिंक्वाण ने अवगत कराया है कि केदारनाथ यात्रा मार्ग में जिन स्थानों पर यात्रा मार्ग क्षतिग्रस्त हो रखा है उन स्थानों में पेंचवर्क का कार्य एवं सीसी वर्क का कार्य किया जा रहा है तथा जिन स्थानों पर रैलिंग क्षतिग्रस्त हो रखी हैं उन स्थानों पर यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत रैलिंग का कार्य त्वरित गति से किया जा रहा है।

## न्यूज डायरी

### कोर्ट ने अतिक्रमण पर हुई कार्रवाई का ब्यौरा मांगा

**संवाददाता** नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने वन विभाग, राज्यमार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग, वन भूमि व राजस्व भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ स्वतः संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने अब तक हुई कार्रवाई पर जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। साथ ही मुख्य सचिव को फिर से निर्देश दिए हैं कि अतिक्रमण शिकायत ऐप तैयार करें। जिससे नागरिक अपनी शिकायत इस पर दर्ज करा सकें। मामले की अगली सुनवाई सात मई को तय की गई है। मामले के अनुसार दिल्ली निवासी एक व्यक्ति ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजकर कहा है कि नैनीताल के पदमपुरी में वन विभाग की भूमि व रोड के किनारे कुछ लोगों ने विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से अतिक्रमण किया है। जिसकी वजह से लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लिहाजा इसे हटाया जाए। कोर्ट ने इस पत्र का संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की थी।

### एलकेपी सिक्योरिटीज लिमिटेड ने चौथी तिमाही के लिए शानदार आय की घोषणा की

**संवाददाता** देहरादून। लीडिंग फाइनेंशियल सर्विसेज प्रोवाइडर एलकेपी सिक्योरिटीज लिमिटेड (बीएसईरू 540192) ने फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही और फाइनेंशियल ईयर 24 के लिए शानदार कमाई की सूचना दी है। 31 मार्च, 2024 की समाप्त तिमाही के लिए, ऑपरेशनल रेवेन्यू 3278 लाख रुपये बताया गया, जिसमें तिमाही दर तिमाही 34.20 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एबिटा तिमाही दर तिमाही दर पर 76.63 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 1405 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही) से 1831लाख रुपये पहुंची। शुद्ध लाभ तिमाही दर तिमाही दर पर 249 प्रतिशत से बढ़ गया और 159.44 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही) से 556.57 लाख रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही) हुआ।

### 5–स्टार सुरक्षित कुशाक और स्लाविया मॉडल ईयर 24 और भी सुरक्षित हुई

**संवाददाता** देहरादून। अक्टूबर 2022 में कुशाक एसयूवी और अप्रैल 2023 में स्लाविया सेडान के साथ सुरक्षा के नए मानक स्थापित करने के बाद, स्कोडा ऑटो इंडिया ने कुशाक और स्लाविया के सभी वैरिएंट में स्टैंडर्ड तौर पर छह एयरबैग्स की पेशकश कर सुरक्षा की दिशा में आगे बढ़ना जारी रखा है। यह पेशकश कंपनी के ऐतिहासिक मेड–फॉर–इंडिया, रेडी–फॉर–द–वर्ल्ड इंडिया 2.0 प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो के लिए मॉडल ईयर 24 अपडेट का हिस्सा है। अपग्रेड के बारे में स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक पीटर जनेबा ने कहा कि स्कोडा डीएनए में सुरक्षा हमेशा से उसकी बुनियाद रहा है।

## हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर बर्फ हटाकर आवाजाही की सुचारु

**संवाददाता** चमोली। चमोली में स्थित हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे की यात्रा तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन, भारतीय सेना और गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट ने तैयारियां शुरु कर दी हैं। जिसके तहत भारतीय सेना की 418 इंजीनियरिंग कोर के जवानों की ओर से हेमकुंड साहिब यात्रा के पैदल मार्ग पर 4 किलोमीटर हिस्से से बर्फ हटाकर पैदल आवाजाही सुचारू कर दी है। जबकि अभी भी 2 किलोमीटर मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य किया जा रहा है।

बद्रीनाथ धाम की यात्रा शुरु होने के बाद आगामी 25 मई को हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे के कपाट खोले जाने हैं। जिसे लेकर भारतीय सेना की 418 इंजीनियरिंग कोर के हवलदार हर सेवक सिंह के नेतृत्व में जवानों द्वारा इन दिनों यात्रा के पैदल मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य किया जा रहा है। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि यात्रा मार्ग पर 4 किलोमीटर तक बर्फ हटाकर पैदल आवाजाही सुचारू कर दी गई है। जबकि गुरुवार से यहां यात्रा मार्ग पर पैदल मार्ग के साथ ही घोड़ा–खच्चर मार्ग से भी बर्फ हटाने का कार्य शुरु कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि घांघरियां में गुरुद्वारे में आवास के साथ ही पेयजल और विद्युत व्यवस्था को भी चाक–चौबंध करने का कार्य सेवादारों की ओर से शुरु कर दिया गया है। बताया कि ऊर्जा निगम और संचार निगम की ओर से शुक्रवार तक घाटी में विद्युत और संचार की व्यवस्था सुचारु करने की बात कही गई है।



### बदरीनाथ में नए आस्था पथ बनने से श्रद्धालुओं को मिलेगी सहूलियत

**संवाददाता** चमोली। बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगें। जिला प्रशासन यात्रा से जुड़े विभागों के साथ चारधाम यात्रा की तैयारियों में जुटा है। यात्रा मार्ग को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए सड़क मार्ग का सुधारीकरण और हाईवे से मलवा निस्तारण का काम जारी है। बदरीशपुरी में श्रद्धालुओं के लिए बिजली, पानी, रात्रि विश्राम सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं बहाल की जा रही है। बदरीनाथ धाम में नारायण के दर्शन को और सुगम बनाने के लिए नया आस्था पथ बनकर तैयार हो गया है। यहां साकेत तिराहा से नया आस्था पथ बनाया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत मिलेगी। श्री बद्रीनाथ धाम की यात्रा को सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिलाधिकारी के निर्देशन में संबंधित विभाग अपनी अपनी तैयारियों एवं व्यवस्थाओं में जुटे है। नगर पंचायत द्वारा धाम में स्वच्छता बनाए रखने के लिए सफाई व्यवस्था भी प्रारंभ कर दी है।

## रबी की फसल गेहूं पर क्रॉप कटिंग प्रयोग का किया निरीक्षण

**संवाददाता**

चमोली। उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडेय ने बुधवार को राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र चमोली के अन्तर्गत हरमनी गांव में रबी की फसल गेहूं पर क्रॉप कटिंग प्रयोग का निरीक्षण किया। राजस्व विभाग ने काश्तकार सिद्धि देवी के गेहूं के खेत में नियमानुसार 30 वर्ग मीटर का प्लाट बनाकर क्रॉप कटिंग की। निर्धारित आकार के प्लाट में गेहूं की 5.55 किलोग्राम बालियों का उत्पादन प्राप्त हुआ। इस दौरान उप जिलाधिकारी ने खेत का नक्शा, खसरा रजिस्टर आदि भू–अभिलेखों की जॉच भी की। क्रॉप कटिंग के दौरान राजस्व उप निरीक्षक नीरज स्वरूप,, काश्तकार सिद्धि देवी, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद थे।



क्रॉप कटिंग प्रयोगों के आधार पर ही जिले में फसलों के औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े तैयार कर उत्पादन की सटीक जानकारी हासिल की जा रही है। प्रत्येक राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र में क्राप कटिंग प्रयोग खेत में 30 वर्गमीटर प्लाट बनाकर उसमें उत्पादित फसल के बीज को लिया जाता है, जिसे 15 दिनों तक सूखाने के लिए रखा जाता है। इसके पश्चात दानों की तौल लेकर उत्पादन की गणना की जाती है। क्रॉप कटिंग प्रयोगों से प्राप्त उत्पादन के आंकड़ों के आधार पर क्षतिपूर्ति एवं फसल बीमा की राशि की गणना तथा विभिन्न फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की गणना की जाती है।

### मजदूर दिवस पर 28 यूनिट रक्त एकत्र किया

**संवाददाता** हल्द्वानी। विश्व मजदूर दिवस के मौके पर बुधवार को महिला डिग्री कॉलेज में एनएसएस, एनसीसी और नमामि गंगे से जुड़ी छात्राओं ने रक्तदान शिविर लगाया। प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने शुभारंभ करते हुए स्वयंसेवियों के हौसले की प्रशंसा की। आयोजक सचिव डॉ. रितुराज पंत ने बताया कि शिविर में 28 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललिता जोशी ने कहा कि आने वाले समय में भी शिविर लगाए जाएंगे। एनसीसी प्रभारी डॉ. रेखा जोशी ने स्वयंसेवियों को रक्तदान का महत्व बताया। शिविर में समन्वयक डॉ. फकीर नेगी डॉ. नेहा जोशी, डॉ. ललिता जोशी, डॉ. गीता पंत, डॉ. रेखा जोशी, ज्योति चुफाल, डॉ. दिनेश जोशी, डॉ. संजू, चंदन, यशोधर, अतुल, मनोज ने रक्तदान किया। हल्द्वानी सिटी ब्लड बैंक, हल्द्वानी ऑनलाइन संस्था एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने विशेष योगदान दिया।

# ईरान बन रहा बड़ा खतरा

**देश के अंदर मुस्लिम धर्मगुरु सख्त नियंत्रण रखते हैं और कट्टरपंथी इस्लाम को थोपते हैं और ईरानी महिलाओं की आजादी छीन लेते हैं। लेकिन यह हमेशा से ऐसा नहीं था। ईरान एक महान आधुनिक ताकत बन सकता था।**

गुलशन राय खत्री।।

ईरान पश्चिम एशिया की एक आधुनिक ताकत बन सकता था। लेकिन विदेशी दखल (बाहरी हस्तक्षेप) और धर्मगुरुओं (आयतोल्लाह) ने इसे बर्बाद कर दिया। हाल ही में, इजरायल पर ईरानी ड्रोन और मिसाइलों की हमले ने ईरान को दोबारा पश्चिम एशिया में एक बड़े खतरे के रूप में पेश किया। ईरान को शांति के खिलाफ रहने वाला देश माना जाने लगा है। ईरान ने हिजबुल्लाह से लेकर हूती विद्रोहियों तक कई क्षेत्रीय गुटों को खड़ा किया है, जो उसके रणनीतिक लक्ष्यों को पूरा करते हैं। देश के अंदर मुस्लिम धर्मगुरु सख्त नियंत्रण रखते हैं और कट्टरपंथी इस्लाम को थोपते हैं और ईरानी महिलाओं की आजादी छीन लेते हैं। लेकिन यह हमेशा से ऐसा नहीं था। ईरान एक महान आधुनिक ताकत बन सकता था।

ईरान के लिए एक बड़ा बदलाव 1953 में आया, जब लोकतांत्रिक रूप से चुने गए ईरानी प्रधानमंत्री मोहम्मद मोसद्देघ के खिलाफ तख्तापलट हुआ। सीआईए समर्थित इस तख्तापलट ने ईरान की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं को भारी चोट पहुंचाई। मोसद्देघ ने ईरान को वास्तविक अधिकार–आधारित लोकतंत्र में बदलने के उद्देश्य से कई सुधार किए थे। इस तख्तापलट ने शाह मोहम्मद रेजा पहलवी के हाथों में सत्ता केंद्रित कर दी, जिसने एक क्रूर शासन बनाया और 1979 में धर्मगुरुओं की इस्लामी क्रांति का मार्ग प्रशस्त किया। ईरान पर 40 साल से पश्चिमी देशों की पाबंदियां लगी हुई हैं।



इससे ईरानी अर्थव्यवस्था का विकास बुरी तरह प्रभावित हुआ है, लेकिन यह पूरी तरह से ध्वस्त नहीं हुआ है। ईरान की मजबूती इस बात से पता चलती है कि वे खुद के ड्रोन और मिसाइल बनाते हैं, उनका परमाणु प्रोग्राम गुप्त रूप से चल रहा है और वो अभी भी तेल का निर्यात कर रहे हैं।

ईरान की आबादी लगभग 9 करोड़ है और शिक्षा के स्तर में वो पश्चिम एशिया में सबसे ऊपर है। वहां 70 प्रतिशत विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित के स्नातक महिलाएं हैं! सोचिए अगर ईरान को पाबंदियों से मुक्ति मिल जाए तो इन प्रतिभाओं का क्या योगदान हो सकता है।

परमाणु समझौते से ईरान को एक सामान्य देश बनने की उम्मीद जगी थी। लेकिन ट्रम्प ने उस समझौते को खत्म कर दिया और बाइडन ने उसे आगे नहीं बढ़ाया। इससे ईरान विरोधी धर्मगुरु खुश हो गए, इजरायल और सऊदी अरब खुश हो गए। लेकिन आम ईरानी निराश हो गए, जिन्हें लगता है वो इस्लामिक देश में फंसे हुए हैं। उनके बेहतर जीवन का दरवाजा फिर से बंद हो गया। ईरान की स्थिति वैसी ही विद्रोही और अछूत देश की बनी हुई है।

## आश्वासन

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** देवताओं के इस षड़यंत्र से उमा के सन्तान होने में बाधा पड़ी तो उन्होंने क्रुद्ध होकर देवताओं को शाप दे दिया कि भविष्य में वे कभी पिता नहीं बन सकेंगे। इस बीच सुरलोक में विचरण करती हुई गंगा से उमा की भेंट हुई। गंगा ने उमा से कहा कि मुझे सुरलोक में विचरण करत हुये बहुत दिन हो गये हैं। मेरी इच्छा है कि मैं अपनी मातृभूमि पृथ्वी पर विचरण करूँ। उमा ने गंगा आश्वासन दिया कि वे इसके लिये कोई प्रबन्ध करने का प्रयत्न करेंगी। उचित समय पर रानी केशिनी ने असमंजस नामक पुत्र को जन्म दिया। रानी सुमति के गर्भ से एक तूंबा निकल जिसे फोड़ने पर छोटे छोटे साठ हजार पुत्र निकले। उन सबका पालन पोषण घी के घड़ों में रखकर किया गया। कालचक्र बीतता गया और सभी राजकुमार युवा हो गये। शेष कल...

# संपादकीय

## इकॉनमी को नुकसान

युद्ध जारी रहा तो न केवल भू–राजनीतिक समीकरणों को बदलेगा बल्कि विश्व अर्थव्यवस्था को भी नुकसान पहुंचाएगा। हो सकता है ईरान होरमुज जलडमरूमध्य को बाधित करे। ऐसा हुआ तो दुनिया में तेल सप्लाई बाधित हो जाएगी। दुनिया में तेल की कुल खपत का लगभग 25: इस क्षेत्र से होकर गुजरता है। इसका भारत सहित दूसरे देशों पर गहरा असर हो सकता है। भारत के दोनों ही देशों से कारोबारी रिश्ते हैं। बीते वर्ष भारत का दोनों देशों के साथ करीब 1.1 लाख करोड़ का कारोबार हुआ है। यह ईरान का रीजनल कोऑपरेटिव फोर्स है, जो उसके लिए प्रतिबद्ध होकर लड़ता है। यही नहीं, ईरान ने ड्रोन, बैलिस्टिक मिसाइल, स्पीडबोट और पनडुब्बियों के क्षेत्र में काफी प्रगति कर ली है। ईरान और इस्राइल बीच संघर्ष इस समय 'ग्रे जोन' में है, जहां अभी कुछ भी साफ नहीं दिख पा रहा है। परंतु संकेत कुछ ऐसे हैं कि दोनों में से कोई भी पीछे हटने की मनःस्थिति में नहीं है। यानी अभी की स्थिति को देखते हुए माना जा सकता है कि इस्राइल पर ईरानी हमला एक शुरुआत भर है।

इस्राइली प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि ईरान को अंजाम भुगतना होगा। यदि ऐसा हुआ तो केवल मध्य-पूर्व ही नहीं, संभव है पूरी दुनिया एक नए 'वॉर जोन' में दाखिल हो जाए।

# नया वॉर जोन

रहीस सिंह।।

बीते दिनों ईरान ने इस्राइल पर 300 से अधिक मिसाइलें और किलर ड्रोन दागे। ईरान के इस हमले ने मध्य–पूर्व में पहले से चले आ रहे युद्ध को एक नया मोड़ दे दिया, जिसके प्रभाव व्यापक हो सकते हैं। वैसे यह संभावित था क्योंकि इसकी स्क्रिप्ट उसी दिन तैयार हो गई थी, जब दमिश्क में ईरानी कॉन्स्युलेट पर हवाई हमला हुआ था। इसके बाद ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खमनेई ने इस्राइल को दंडित करने की बात कही थी।

ईरान और इस्राइल लंबे समय से एक–दूसरे के विरुद्ध प्रॉक्सी युद्ध लड़ रहे थे, लेकिन अब यह प्रॉक्सी नहीं रह गया। हमले के बाद ईरानी सैन्य प्रमुख मेजर जनरल बाघेरी ने इस्राइल और अमेरिका को धमकी देते हुए कहा कि यदि जवाबी कार्रवाई की गई तो अंजाम कहीं बुरा होगा। उधर, इस्राइली प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि ईरान को अंजाम भुगतना होगा। यदि ऐसा हुआ तो केवल मध्य–पूर्व ही नहीं, संभव है पूरी दुनिया एक नए 'वॉर जोन' में दाखिल हो जाए।

ईरान और इस्राइल की दुश्मनी ऐसे तो खत्म नहीं हो पाएगी। इस्राइली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट का कहना है, 'लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। हमारा सिद्धांत है कि जो हमें नुकसान पहुंचाएगा, हम उसे नुकसान पहुंचाएंगे।' यह बात भी गौर करने लायक है कि इस्राइल इस हमले के लिए तैयार था। अमेरिकी खुफिया तंत्र के हवाले से ब्लूमबर्ग ने पहले ही बता दिया था कि ईरान, इस्राइल के अंदर बैलिस्टिक मिसाइलों या ड्रोन से हमला कर सकता है। परिणाम यह हुआ कि इस्राइल ने बहुस्तरीय वायु–रक्षा प्रणाली से 90 प्रतिशत हमलों को नाकाम कर दिया। लेकिन अगर दोनों तरफ से हमले बढ़ते हैं तो इस स्तर की सुरक्षा संभव नहीं हो पाएगी।



कुछ विश्लेषक ईरान को सचेत कर रहे थे कि यदि उसने इस्राइल पर मिसाइल या ड्रोन हमला किया तो यह उसके लिए जोखिम भरा होगा। फिर भी उसने हमला किया, तो क्या इसका मतलब यह नहीं हुआ कि उसने निर्णायक युद्ध लड़ने की तैयारी कर रखी है? दरअसल, ईरान लंबे समय से इस्राइल की तरफ से लड़े जा रहे एक छद्म युद्ध का सामना कर रहा है। वह केवल यहूदी धरती पर ही छद्म युद्ध नहीं लड़ रहा बल्कि एक और युद्ध लड़ रहा है, जिसके लिए मजबूत सैन्य एवं रक्षा तंत्र की जरूरत है। इस्लामी दुनिया शिया बहुल और सुन्नी बहुल में बंटी हुई है। पश्चिमी जगत पहले के साथ खड़ी दिख रही है।

जब पाकिस्तान ने परमाणु बम बनाया तो उसे सुन्नी बम कह गया। जवाब में ईरान भी 'शिया बम' बनाना चाहता था। वह उसके करीब पहुंच भी गया था लेकिन जुलाई 2015 में ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, जर्मनी, ईरान, रूस और अमेरिका ने जॉइंट कॉम्प्रिहेंसिव प्लान ऑफ एक्शन पर हस्ताक्षर कर इस पर अल्पविराम लगा दिया। 2018 में अमेरिका के इससे बाहर होने की घोषणा ने उसे एक और मौका दे दिया। उसके बाद ईरान ने यूरेनियम संवर्धन की जो सीमा करार में 3.67 प्रतिशत तय की गई थी, उसे तोड़कर 2021 की शुरुआत में वह 20 प्रतिशत तक चला गया था। यही नहीं, धीरे–धीरे वह 90 प्रतिशत तक संवर्धन करने लगा, जो परमाणु बम बनाने के लिए जरूरी होता है।

### अष्टयोग-5025

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 1 | 5 | | 7 | 4 |
| | 29 | 4 | 29 | 6 | 29 | |
| 7 | | 2 | | | 1 | |
| | 31 | | 38 | | 30 | 2 |
| 1 | 5 | | 7 | 4 | | 6 |
| | 32 | 5 | 36 | | 34 | 7 |
| | | 7 | | 1 | 6 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5024 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 | 7 |
| 1 | 27 | 7 | 33 | 5 | 38 | 3 |
| 3 | 4 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 |
| 7 | 27 | 6 | 35 | 3 | 38 | 2 |
| 2 | 1 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 4 | 27 | 5 | 35 | 2 | 27 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

अपना ब्लॉग

## जटिल सैन्य तंत्र

**मोहन।** ईरान जटिल सैन्य तंत्र है। उसके पास पश्चिम एशिया में सबसे बड़े आकार वाली सेना है। इंटरनैशनल इंस्टिट्यूट फॉर स्ट्रैटिजिक स्टडीज के अनुसार, ईरान सशस्त्र बल में 5,80,000 एक्टिव जवान हैं। इसके साथ ही रिवॉल्यूशनरी गार्ड कोर में विभक्त लगभग 2,00,000 प्रशिक्षित जवान सुरक्षित रखे गए हैं। ये जमीन, वायु और समुद्र में एक्टिव हैं। उसका कुद्स बल मध्य–पूर्व में लड़ाकू गुटों के एक विस्तृत नेटवर्क के रूप में काम कर रहा है। इसे देखते हुए ही अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के डायरेक्टर जनरल रफाएल मैरियानो ग्रोसी ने चेतावनी दी है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। उसकी महत्वाकांक्षा और क्षमता बढ़ रही है। तो क्या ऐसा संभव हो सकता है कि ईरान ने परमाणु क्षमता विकसित कर ली हो और अब फिजिकल रेस्पॉन्स के लिए भी तैयार हो? कहीं ऐसा तो नहीं कि इसीलिए अमेरिका और उसके सहयोगी ईरान के रुख की वजह तो समझना चाहते हैं, पर उससे उलझने से बच रहे हैं?





## ऋषि कपूर की ये पुरानी तस्वीर देख लोग हैरान, सच जान रह जाएंगे हैरान

30 अप्रैल 2024 को ऋषि कपूर को गुजरे पूरे चार साल बीत गए हैं, लेकिन फैन्स के दिलों में वो अब भी उतने ही जिंदा है। आए दिन उनके किस्से–कहानियां लोग खूब कहते और सुनाते हैं। हालांकि, इस वक्त चर्चा है ऋषि कपूर के साथ एक पुरानी तस्वीर की, जिसे देख लोग हैरान हैं। दरअसल इस थ्रोबैक फोटो में ऋषि कपूर की गोद में एक बच्चा है जिसे रणबीर कपूर बताया जा रहा है, लेकिन काफी लोग इसे आलिया भट्ट बता रहे हैं। ऋषि कपूर की चौथी बरसी पर उन्हें उनके परिवार वाले ही नहीं फैन्स भी खूब याद कर रहे हैं। इस वक्त सोशल मीडिया पर एक्टर की एक पुरानी तस्वीर से लोगों की निगाहें हट नहीं रही हैं। कहा गया है कि इस तस्वीर में ऋषि कपूर अपने बेटे रणबीर कपूर के साथ दिख रहे हैं, लेकिन लोग इसे मानने के लिए तैयार नहीं दिख रहे। कुछ सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि ये ऋषि कपूर की गोद में आलिया भट्ट हैं। अधिकतर लोगों का यही कहना है। एक ने कहा है– मैं इकलौती ऐसी नहीं जिसे ये लग रहा है कि ये आलिया भट्ट हैं। वहीं कुछ लोगों ने कहा है कि ये रणबीर कपूर ही हैं और बचपन में वो भी थोड़ा–बहुत आलिया की ही तरह दिखते थे। हालांकि, कुछ लोगों का कहना है कि ये रणबीर नहीं बल्कि ऋषि कपूर के साथ उनकी बेटी रिद्धिमा हैं। काफी यूजर्स ने लिखा है– रिद्धिमा, आप बचपन में बिल्कुल अपनी भाभी आलिया की तरह दिखती थीं। बता दें कि रिद्धिमा कपूर ने पापा की डेथ एनिवर्सरी पर उन्हें मिस करते हुए ये तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की है।

## विद्या बालन–प्रतीक गांधी की दो और दो प्यार भी बुरी तरह पिटी

किसी भी नई रिलीज फिल्म के लिए फर्स्ट मंडे टेस्ट बहुत मायने रखता है, क्योंकि पहले वीकेंड के बाद यहीं से पता चलता है कि वह फिल्म कितना आगे जाएगी। लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इस वक्त जैसे हालात हैं, इन सब बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता। सिनेमाघर ठप पड़े हुए हैं। बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की फिल्में रिलीज होते ही फ्लॉप और डिजास्टर साबित हो रही हैं। बीते डेढ़ महीने से हालात ऐसे हैं कि इस वक्त कोई नई फिल्म रिलीज करने के लिए भी जिगरा चाहिए। बहरहाल, फ्लॉप फिल्मों की इस फेहरिस्त में नया नाम रुसलान और मैं लड़ेगा का जुड़ गया है। जबकि विद्या बालन–प्रतीक गांधी की दो और दो प्यार पर पहले से ही निराशा के बादल घुमड़ रहे हैं। सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा के लिए रुसलान बड़ा मौका था। डेब्यू फिल्म लवयात्री के फ्लॉप होने के बाद उन्होंने अंतिमः द फाइनल ट्रूथ में अपने जिस एंग्री यंग मैन वाली छवि को गढ़ा था, उसे रुसलान में एक्शन अवतार में उतारा।

## ऐश्वर्या राय बच्चन ने भांजी पर निकाला ननद का गुस्सा?



ऐश्वर्या राय और बच्चन परिवार के बीच अनबन चल रही है... पति अभिषेक संग ऐश्वर्या के रिश्ते ठीक नहीं हैं... ऐश्वर्या की सास जया और ननद श्वेता से पटती नहीं है... कुछ ऐसी ही अफवाहें अक्सर वायरल होती हैं, लेकिन कभी ऐश्वर्या या बच्चन परिवार की तरफ से ना तो इन अफवाहों का खंडन किया गया और ना ही ये बातें कभी सच निकलीं। हद तो तब हो गई, जब अभिषेक और ऐश्वर्या के तलाक पर चर्चा होने लगी, लेकिन अभी भी दोनों साथ हैं और खुश हैं। अब एक पुराना वीडियो सामने आया है। इसे देखने के बाद दावा किया जा रहा है कि ऐश्वर्या ननद श्वेता की बेटी नव्या नवेली को नजरअंदाज कर रही हैं! ऐश्वर्या राय ने साल 2007 में अभिषेक बच्चन से शादी की थी। दोनों ने साथ में श्रावणश, श्गुरुश और श्धूम 2श जैसी फिल्में की हैं। ऐश्वर्या और अभिषेक की एक बेटी है, जिसका नाम आराध्या है। ऐश्वर्या और आराध्या अक्सर साथ नजर आते हैं। इन्हें श्प्रो कबड्डी लीगश मैच के दौरान देखा गया था। उनके साथ नव्या भी थीं। पीछे अभिषेक और अनुपम खेर के बेटे सिकंदर खेर भी नजर आ रहे हैं। वीडियो में देखा गया कि इस मैच में ऐश्वर्या पहले एंट्री करती थीं।

# सनी देओल ने धर्मेंद्र के बारे में बताई एक मजेदार बात

द ग्रेट इंडियन कपिल शो में अब तक आपने कई मेहमान देखे। शुरुआत हुई थी कपूर खानदान से और फिर क्रिकेटर से लेकर कौशल भाइयों ने इसमें शिरकत की थी। आमिर खान के बाद इस शो में लोगों को हंसाने–गुदगुाने आ रहे हैं देओल परिवार से सनी और बॉबी। धर्मेंद्र के दोनों लाडले इस बार जमकर हसाएंगे। जिसका प्रोमो रिलीज हो चुका है और वह वाकई मजेदार है।

**स्टेज पर रोने लगे बॉबी देओल**

द ग्रेट इंडियन कपिल शो के प्रोमो में बॉबी देओल और सनी देओल स्वैग के साथ एंट्री करते हैं। कहते हैं कि वह साल 1960 से लाइमलाइट में हैं। लेकिन सालभर कोशिश करने के बावजूद कुछ अच्छा हुआ नहीं। लेकिन जब उनके बेटे की शादी हुई, गदर 2 आई, उसके पहले पापा की मूवी आई, कुछ यकीन नहीं हो रहा था कि भगवान की इतनी कृपा कहां से बरसने लगी। उसके बाद एनिमल आई तो ऐसे लगा कि हमने फतेह ही कर दी।

**सनी देओल ने खुद को बताया बाहुबली**

उधर, ये सब सुनकर बॉबी देओल की आंखें नम हो गईं और वह आसूं पोछते हुए दिखाई दिए। इसके बाद कृष्णा अभिषेक एनिमल के रणबीर बनकर स्टेज पर आते हैं तो सुनील ग्रोवर अपने चुम्बक के




एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)




किरदार में सनी के साथ पंजा लड़ाते दिखाई देते हैं। वहीं, बॉबी देओल कहते हैं कि इस असल जिंदगी में अगर कोई सुपरमैन जितना मजबूत है तो हैं भैया सनी देओल। ये सुन एक्टर खुद को बाहुबली कहते हैं।

**धर्मेंद्र के बारे में सनी ने कही ये बात**

स्टेज पर बॉबी और रणबीर के उस फाइट सीन को भी कृष्णा फिल्माते हैं, जिसमें रणबीर के ऊपर वह लेटते हैं। सनी देओल ने बताया कि पापा धर्मेंद्र कहते हैं कि आओ, मेरे साथ बैठे, मेरे दोस्त बनो। और मैं कहता हूं कि पापा अगर मैं दोस्त बनता हूं, आपको मैं सारी बात बताऊंगा तो आप पापा बन जाते हो। अंत में बॉबी देओल कहते हैं– देओल बहुत ही रोमांटिक हैं। हारा दिल भरता ही नहीं।

# अनुपमा के टीटू अमर सिंह ने सुनाई दर्द की दास्तान

*टीवी एक्टर कुंवर अमर सिंह ने एक इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने कई खुलासे किए हैं। उन्होंने अपने ब्रेकअप के बारे में बात की। कहा कि उन्हें निजी जिंदगी के बारे में बात करना पसंद नहीं है। लेकिन ब्रेकअप के बाद रो–रोकर बुरा हाल हो गया था। उनकी गर्लफ्रेंड ने आर्थिक संकट के कारण छोड़ दिया था।*



राजन शाही का पॉप्युलर सीरियल अनुपमाश टीआरपी में तो नंबर–1 है ही। साथ ही इसकी कास्ट भी सुर्खियां बटोरने में पीछे नहीं रहती। टीटू का रोल निभा रहे कुंवर अमर सिंह ने एक इंटरव्यू दिया है। जिस तरह शो में ये प्यार के लिए तरस रहे हैं। कुछ वैसा ही हाल इनका असल जिंदगी में हुआ है। जिस तरह वनराज इन्हें डिंपी का हाथ नहीं दे रहे क्योंकि उनकी आमदनी का कोई ठिकाना नहीं। ठीक वैसे ही एक बार जब इनके पास पैसे नहीं थे तो गर्लफ्रेंड ने ही पल्ला झाड़ लिया था। कुंवर अमर सिंह ने अपनी गर्लफ्रेंड और ब्रेकअप के बारे में बात की। उन्होंने कहा, मैंने इसके बारे में कभी बात नहीं की क्योंकि मुझे अपनी निजी जिंदगी के बारे में ज्यादा जानकारी देना पसंद नहीं है। हालांकि अब मैं मूव ऑन कर चुका हूं। बात कोविड–19 के बाद की है। जब मेरा ब्रेकअप हो गया था। इसकी वजह पैसों की दिक्कत थी। मैं आर्थिक संकट से जूझ रहा था।

**पैसे नहीं थे तो अमर सिंह को गर्लफ्रेंड छोड़ गई**

कुंवर ने कहा, पैसों के कारण हुए ब्रेकअप हुआ तो पहले मुझे विश्वास नहीं हो रहा था क्योंकि मैंने केवल ऐसा सुना था, लेकिन जब मैंने इसका सामना किया, तो भरोसा ही नहीं हुआ। तभी मुझे एहसास हुआ, कि चाहे आप कोई भी हों, चाहे आप कितने भी फेमस क्यों ना हों। जब पूरी दुनिया तबाह हो गई थी। आपके पास पैसों की किल्लत थी। जिन लोगों ने कभी कहा था कि वह मेरे हैं, उन्होंने ही सालों का रिश्ता तोड़ दिया था और मेरी लाइफ से चले गए थे।

**कुंवर अमर सिंह का ब्रेकअप के बाद हाल**

कुंवर अमर सिंह ने बताया कि ब्रेकअप के बाद उनकी हालत कैसी हो गई थी। वह बोले, इस चीज का मुझ पर बहुत बड़ा असर हुआ था। मैं कभी नहीं रोया लेकिन उस समय मैं रो रहा था। मैं अपने माता–पिता के पास गया और उनसे कहा कि मुझे नहीं पता कि मुझे क्या करना है। ऐसा इसलिए नहीं था क्योंकि वह चली गई थी, बल्कि सच्चाई एक्सेप्ट नहीं कर पा रहा था। लेकिन मुझे इस सच को अपनाना पड़ा कि किसी को परवाह नहीं होगी। जब तक आप समाज का एक मजबूत हिस्सा नहीं बनेंगे, एक प्रभाव नहीं डालेंगे, आपको आगे बढ़ते रहना होगा।

# वजन घटाने के लिए सबसे अच्छी डाइट है दाल–चावल

*वेट लॉस के लिए हर बार आपको किसी महंगे डाइट की जरूरत नहीं, आप घर का बना दाल चावल खा कर के भी अपना वजन कर सकते हैं कम। हाई प्रोटीन और फाइबर का यह अच्छा मिश्रण वजन कंट्रोल करने में मदद करेगा।*




**प्रोटीन और कार्ब्स का सही संतुलन**
दाल का सेवन शाकाहारियों के लिए प्रोटीन का सबसे अच्छा स्रोत हैं। सभी प्रकार की दालों में प्रोटीन पाया जाता है, लेकिन हाई प्रोटीन के लिए आप तुअर, मूंग या चना दाल चुनें। ये दाल प्रोटीन से भरपूर होती हैं। प्रोटीन मांसपेशियों के निर्माण और टिशू को रिपेयर करने में मदद करता है। वहीं स्टीम राइस से भी सही मात्रा में गुड कार्ब्स मिलते हैं।

क्या आपको पता है कि हम भारतीयों का पसंदीदा और सबसे आराम से बनना वाला खाना दाल–चावल वेट लॉस के लिए सबसे अच्छा और हेल्दी फूड है। अधिकतर वेट लॉस कर रहे लोगों की डाइट में दाल–चावल शामिल नहीं होता है। लोगों को लगता है कि चावल खाने से वजन बढ़ता है। लेकिन यह एक मिथ, स्टीम राइट को सही मात्रा में खाने से कभी वजन नहीं बढ़ता है। दाल और चावल खाना आपके स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। दाल में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और प्रोटीन और चावल में मौजूद फाइबर का मेल आपका वजन घटाने में मदद करते हैं।

**पोषक तत्वों से भरपूर**
1 कप सफेद चावल में रोजाना लेने वाली वैल्यू का 37 प्रतिशत मैंगनीज और 17 प्रतिशत सेलेनियम मिलता है। इसी तरह केवल 4 बड़े चम्मच दाल से 12 प्रतिशत मैंगनीज, 8 प्रतिशत आयरन और 20 प्रतिशत फोलेट मिलता है। दाल और चावल दोनों ही बी कॉम्प्लेक्स विटामिन का एक बेहतरीन स्रोत हैं।

**पाचन के लिए अच्छा**
दाल और चावल दोनों में पर्याप्त मात्रा में फाइबर होता है। इसलिए, इन्हें मिलाकर सेवन करने से कब्ज की समस्या भी दूर होती हैं। इसके अलावा, दाल के तड़के में इस्तेमाल होने वाले हींग और जीरा मेटाबॉलिज्म को तेज करने वाले गुण होते हैं।

**प्रोटीन का बढ़िया स्रोत**
दालों में कई आवश्यक अमीनो एसिड होते हैं, जिन्हें केवल भोजन से ही प्राप्त किया जा सकता है। दाल–चावल वह संपूर्ण भोजन है, जिससे हमें अधिक अमीनो एसिड प्राप्त होता है।

**क्रेविंग को करता है कंट्रोल**
फाइबर और प्रोटीन से भरपूर होने के कारण, दाल–चावल खाने से आपको लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस होता है। जिसकी वजह से एक्स्ट्रा कैलोरी लेने से बच जाते हैं।



## ग्रीन टी में इस चीज का रस मिलाने से डबल हो जाएंगे फायदे

ग्रीन टी और नींबू दोनों ही हेल्थ के लिए फायदेमंद है। ग्रीन टी में नींबू मिलाकर पीने से स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याएं दूर हो सकती हैं। ग्रीन टी में नींबू मिलाने से इसके फायदे और भी बढ़ जाते हैं। इन दोनों में मौजूद हाई एंटी–ऑक्सीडेंट की मात्रा आपकी इम्यूनिटी को स्ट्रांग बनाकर कई बीमारियों के खतरे से भी बचाती है। ग्रीन टी में एंटीऑक्सीडेंट्स के अलावा फ्लवोनोइड्स और अन्य फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी पाए जाते हैं। नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ हेल्थ के अनुसार इन दोनों का साथ में सेवन आपके पाचन के लिए भी फायदेमंद है। इसका सेवन खाने को पचाने में मदद करता है और पेट संबंधी समस्याओं को कम करता है। पेट के अलावा इसके और भी कई स्वास्थ्य लाभ हैं। आइए जानते हैं इसके बारे में। 1ग्रीन टी में नींबू का सेवन करने से पाचन क्रिया में सुधार होता है और खाने को आसानी से पचाने में मदद मिलती है। यह पेट संबंधी समस्याओं को कम कर सकता है। ग्रीन टी शरीर के नेचुरल पीएच लेवल को रिस्टोर करने में मदद भी करने में सहायक है। 2ग्रीन टी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और नींबू के विटामिन सी इन दोनों का मेल आपकी हार्ट हेल्थ के लिए अच्छा है। इससे हृदय संबंधी समस्याओं का खतरा कम होता है। इससे कोलेस्ट्रॉल लेवल भी सही रहता है और नसों की ब्लॉकेज नहीं होती।

## पेट फूला रहता है, कब्ज ने तोड़ दी कमर? गर्मी में ये फल खाएं

गर्मी के मौसम में भूख कम लगने की वजह से कम खाया जाता है जिससे पेट की कई समस्याएं हो सकती हैं। अक्सर देखा जाता है कि इस सीजन में बहुत से लोग अपच, कब्ज, पेट में भारीपन, गैस, एसिडिटी जैसी समस्याओं से पीड़ित रहते हैं। गर्मी के मौसम में पाचन संबंधी विकारों को दूर करने के लिए आपको पानी और फाइबर से भरपूर फलों का सेवन करना चाहिए। मीठे रसीले फलों के सेवन से पेट और आंतों की गंदगी साफ की जा सकती है और पाचन तंत्र को स्वस्थ और मजबूत रखा जा सकता है। तरबूज गर्मी का रसीला और मीठा फल है। लेकिन, इसमें पानी और फाइबर की मात्रा ज्यादा होने के कारण कुछ लोगों का पेट फूल सकता है और उन्हें असहजता महसूस हो सकती है। तरबूज से भले ही शरीर हाइड्रेट रहता है, लेकिन संवेदनशील पाचन तंत्र वाले लोगों को इसे कम मात्रा में ही खाना चाहिए। आम नेचुरल शुगर और फाइबर से भरपूर होता है, जो गर्मी के महीनों में खूब पसंद किया जाता है। आम की तासीर गर्म होती है और इसे ज्यादा मात्रा में खाने से पेट खराब हो सकता है। फाइबर और प्राकृतिक शर्करा की मात्रा ज्यादा होने के कारण पेट फूल सकता है और पाचन संबंधी परेशानी हो सकती है।

# बेहद खतरनाक हैं ऑटोइम्यून डिजीज, चुरा लेती हैं इम्यूनिटी

*रुमेटॉइड आर्थराइटिस, इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज और क्रॉन्स डिजीज जैसी कई ऑटोइम्यून डिजीज होती हैं, जो बहुत परेशान कर सकती हैं। इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज आंतों का एक डिसऑर्डर है, जिसमें आंत की दीवारों में सूजन और फिर घाव के रूप में अल्सर हो जाते हैं। कई और भी ऑटोइम्यून डिजीज हैं, इनका समय रहते इलाज भी बहुत जरूरी है। ऑटोइम्यून डिजीज आपकी इम्यूनिटी पावर पर हमला करती हैं, जिससे शरीर इंफेक्शन से बखूबी नहीं लड़ पाता। ऑटोइम्यून डिजीज में दवाओं के साथ एंटी–इंफ्लेमेटरी डाइट भी काफी फायदा करती हैं। एंटी–इंफ्लेमेटरी डाइट में उन फूड्स का सेवन किया जाता है, जो शरीर की अंदरुनी सूजन को कम करते हैं और ऑटोइम्यून रिएक्शन को कंट्रोल करने में मदद करते हैं।*


एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**हरी सब्जियां**
हरी सब्जियां एंटी–इंफ्लेमेटरी डाइट में शामिल की जा सकती हैं। यह आपकी इम्यूनिटी के लिए बहुत फायदेमंद भी होती है, जैसे कि ब्रोकली, हरी मटर, पालक, सरसों का साग, लौकी और शिमला मिर्च आदि। ये सब्जियां अनेक पोषक तत्वों, विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती हैं और स्वास्थ्य को सुधारती हैं।

**चुकंदर**




ऑटोइम्यून डिजीज में चुकंदर का सेवन काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। चुकंदर में एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। चुकंदर में कुछ महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं जैसे कि बीटा–कैरोटीन, बीटाइन और फोलेट, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद कर सकते हैं।

**मशरूम**
मशरूम में हाई प्रोटीन के साथ–साथ कई एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो ऑटोइम्यून डिजीज को कंट्रोल करने में मददगार हो सकते हैं। इसका एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण बीटा–ग्लूकॉन मुख्य है, जो एक प्रकार का फाइबर होता है। यह इंसुलिन सर्कुलेशन को रेगुलेट करने में मदद करता है और सूजन को भी कम करता है।

**स्ट्रॉबेरी**
कई फलों में भी एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण शामिल होते हैं, जैसे कि स्ट्रॉबेरी। इसका सेवन आपके इम्यून सिस्टम को स्वस्थ रखने में मदद करता है। स्ट्रॉबेरी में विटामिन सी की अच्छी मात्रा मिलती है, जो एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है और सूजन को कम करने में मददगार है।

**फैटी फिश**
ऑटोइम्यून डिजीज में फैटी फिश का सेवन फायदेमंद होता है। फैटी फिश में गुड फैट होते हैं। एंटी–इंफ्लेमेटरी डाइट में मछलियों का सेवन करने से आपको ओमेगा–3 फैटी एसिड भी मिलेगा, जो शरीर और इम्यून सिस्टम दोनों के लिए बहुत जरूरी है।

## एक झटके में बाहर निकल जाएगी आंतों में महीनों से जमा गंदगी

आप अपनी सुबह की शुरुआत कैसे करते हैं, इससे पूरे दिन का मूड तय करता है। यही वजह है कि बुजुर्ग हमेशा सलाह देते हैं कि पहले सुबह घूमने जाएं, योगा करें और स्वस्थ और पौष्टिक नाश्ता करें। इसी तरह की एक स्वस्थ आदत है सुबह खाली पेट डिटॉक्स वाटर पीना। मसालेदार पानी पीने का रिवाज तो सदियों से चला आ रहा है, लेकिन पिछले कुछ सालों में ही डिटॉक्स वाटर को खूब लोकप्रियता मिली है। एक्सपर्ट्स इस बात पर जोर देते हैं कि आप अपनी डाइट में डिटॉक्स वाटर को शामिल करें। नॉएडा के ई–260 सेक्टर 27 स्थित श्कपिल त्यागी आयुर्वेद क्लिनिक के डायरेक्टर कपिल त्यागी आपको ऐसे ही एक ट्रेडिशनल डिटॉक्स वाटर के बारे में बता रहे हैं, जो टेस्टी होने के साथ–साथ पेट को ठंडा भी रखता है। यह है मिश्री–सौंफ का पानी। क्या आप जानते हैं कि खीरा, नारियल पानी और पुदीने की तरह मिश्री भी शरीर को ठंडक पहुंचाने वाले खाद्य पदार्थों में आती है? भारतीय रसोई में आम इस्तेमाल होने वाली मिश्री पोषक तत्वों से भरपूर होती है। यह गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने में मदद करती है, इसलिए इसे अपने गर्मियों के आहार में शामिल करने के लिए एकदम सही विकल्प है। मिश्री को चीनी का सबसे शुद्ध रूप माना जाता है। इसमें जरूरी विटामिन, मिनरल और अमीनो एसिड पाए जाते हैं, जो शरीर को प्राकृतिक रूप से ठंडा रखते हैं।




ऑस्ट्रेलियाई टीम को ग्रुप बी में रखा गया है

ऑस्ट्रेलियाई टीम को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए ग्रुप बी में रखा गया है। वह अपने अभियान की शुरुआत 5 जून को ओमान के खिलाफ बारबाडोस में करेगा। ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया और ओमान के अलावा इंग्लैंड, नामीबिया और स्कॉटलैंड भी है। बैली ने आगे कहा, एश्ष्टन एगर की वापसी से हम खुश हैं। हमारा मानना है कि वो आगामी टूर्नामेंट में प्रमुख भूमिका निभाएंगे। बल्लेबाजी में काफी विकल्प हैं तो, जहां स्थान और विरोधी को देखकर हम खिलाड़ियों को आजमाएंगे।

## टी20 वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। मिचेल मार्श को टीम का कप्तान बनाया गया है। अनुभवी बल्लेबाज स्ष्टीव स्मिथ, युवा सनसनी जैक फ्रेजर मैकगर्क, अनुभवी तेज गेंदबाज जेसन बेहरेनडोर्फ और ऑलराउंडर मैट शॉर्ट स्क्वाड में जगह बनाने से चूक गए हैं। 2021 टी20 वर्ल्ड कप चौंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम में एश्टन एगर की वापसी हुई है। बाएं हाथ के स्पिनर ने 2022 टी20 वर्ल्ड कप के बाद से एक भी टी20 इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। इसके अलावा ऑलराउंडर्स मार्कस स्टोइनिस और कैमरन ग्रीन को भी जगह मिली है जबकि आईपीएल में इनका प्रदर्शन निरंतर नहीं रहा है। चयनकर्ताओं के चेयरमैन जॉर्ज बैली ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि ऑस्ट्रेलिया का स्क्वाड संतुलित है और उन्हें टी20 वर्ल्ड कप के 9वें संस्करण में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। आईसीसी ने बैली के हवाले से कहा, यह अनुभवी स्क्वाड है, जिनके पास बड़ा वर्ल्ड कप अनुभव है। पैनल का विश्वास है कि वेस्टइंडीज की पिच के अनोखे नेचर और हमारे विरोधी व पहलुओं को देखते हुए यह शानदार टीम चुनी गई है।

# अफगानिस्तान ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए किया टीम का एलान

क्रिकेट

### आईपीएल में खेल रहे 8 खिलाड़ियों को अफगानिस्तान स्क्वाड में जगह मिली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अफगानिस्तान ने बुधवार को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। स्टार ऑलराउंडर राशिद खान टी20 वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान की कमान संभालेंगे। आईपीएल 2024 में हिस्सा ले रहे 8 खिलाड़ियों को स्क्वाड में जगह मिली है।

2023 वनडे वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान की कप्तानी करने वाले हाशमतुल्लाह शाहिदी को स्क्वाड में जगह नहीं मिली है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया के जरिये टीम की घोषणा की। 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में शुरू होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए अफगानिस्तान ने हज्रतुल्लाह जजई, सेदीकुल्लाह अटल और मोहम्मद सलीम सफी



को ट्रेवलिंग रिजर्व के रूप में शामिल किया गया है।

आईपीएल में इस समय राशिद खान, अजमतुल्लाह ओमारजई, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, नवीन उल हक, मोहम्मद नबी, रहमानुल्लाह गुरबाज और गुलबदीन नईब विभिन्न टीमों का हिस्सा हैं, जो टी20 वर्ल्ड कप में अपना जलवा बिखेरते हुए नजर आएंगे। अफगानिस्तान की टीम में चार बल्लेबाज हैं– रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, नजीबुल्लाह जदरान और मोहम्मद इशाक। टीम में छह ऑलराउंडर्स को जगह मिली है। राशिद खान, अजमतुल्लाह ओमारजई, मोहम्मद नबी, करीम जनात और नांगेयालिया खरोटे ऑलराउंडर की भूमिका निभाएंगे। मुजीब उर रहमान और नूर पर स्पिन विभाग की जिम्मेदारी होगी, जिनका साथ राशिद, नबी और खरोटे निभाएंगे। नवीन उल हक, फजलहक फारूकी और फरीद अहमद पर तेज गेंदबाजी विभाग की जिम्मेदारी होगी।

अफगानिस्तान को 20 टीम टूर्नामेंट में ग्रुप–सी में रखा गया है। अफगानिस्तान के साथ न्यूजीलैंड, सह–मेजबान वेस्टइंडीज, युगांडा और पापुआ न्यू गिनी को जगह मिली है। राशिद खान के नेतृत्व वाली अफगानिस्तान की टीम टी20 वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरुआत 3 जून को युगांडा के खिलाफ करेगी।

# बल्लेबाज बरसाएंगे रन या गेंदबाजों के लिए भी होगी मदद

■एसआरएच बनाम आरआर मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम पर होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हैदराबाद। लक्ष्य का पीछा करते हुए भटकने वाली सनराइजर्स हैदराबाद शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुरुवार को आईपीएल 2024 में अपने अभियान को ढर्रे पर लाना चाहेगी। रॉयल्स का प्लेऑफ में स्थान लगभग पक्का है लेकिन सनराइजर्स के लिये इस मैच में बहुत कुछ दाव पर है। कुछ दिन पहले तक शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स को रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरू और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा है। यह मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम पर होगा।

हैदराबादा में अभी तक इस सीजन तीन मैच हुए हैं। पहले मैच में पाटा विकेट पर 500 से ज्यादा रन बन गए लेकिन उसके बाद से गेंदबाजों के लिए भी मदद है। गेंद पिच पर फंस कर आ रही है और इसकी वजह से रन बनाना आसान नहीं है। इस मैच में उम्मीद की जा रही है कि पिच पूरी तरह सपाट होगी। सपाट पिच पर खेलना ही हैदराबाद की मजबूती भी है। ऐसे में ऐसा पिच देखने को मिल सकता है जहां 200 से ज्यादा रन आसानी से बन जाए।

सनराइजर्स बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा पर काफी निर्भर है। दोनों के फ्लॉप होने पर सनराइजर्स की पारी भी चरमरा जाती है। एडेन माक्ररम को अब अपने चिर परिचित फॉर्म में लौटना होगा जिनका बल्ला अभी तक खामोश रहा है। दूसरी ओर रॉयल्स का अब तक का सफर बेदाग रहा है। पहले सत्र की विजेता टीम ने हर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया है और 16 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके पास जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन जैसे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी में उनके पास युजवेंद्र चहल, ट्रेंट बोल्ट का अनुभव और आवेश खान तथा संदीप शर्मा का जोश है ।

## माइकल वॉन ने कर दी टी–20 विश्व कप पर भविष्यवाणी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टी–20 विश्व कप 2024 के लिए एक ओर जहां भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम इंडिया का ऐलान किया तो दूसरी ओर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने अगले ही दिन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली 4 टीमों को भविष्यवाणी कर दी। इंग्लैंड के धाकड़ पूर्व क्रिकेट माइकल वॉन ने जिन 4 टीमों को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए दावेदार बताया है उसमें जाहिर है भारतीय टीम का नाम शामिल नहीं है। हालांकि, यह कम हैरानी वाली बात है, क्योंकि माइकल वॉन अक्सर इस तरह की बात सोशल मीडिया पर करते हैं और कई बार वह खुलकर भारत के खिलाफ होते हैं। खैर, माइकल वॉन ने अपने प्रेडिक्शन में इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज को शामिल किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा– टी–20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए मेरी 4 टीमें... इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज।

## न्यूज डायरी



### हार्दिक पांड्या पर लगा 24 लाख रुपये का जुर्माना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर आईपीएल की आचार संहिता के उल्लघंन के कारण 24 लाख रुपये का जुर्माना लगा। इसके अलावा मुंबई इंडियंस के इंपैक्ट खिलाड़ी सहित अन्य खिलाड़ियों को भी सजा भुगतनी पड़ी। दरअसल, मुंबई इंडियंस ने लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ तय समय पर अपने पूरे ओवर नहीं किए थे। आईपीएल के बयान के मुताबिक मौजूदा सीजन में यह दूसरा मौका है जब मुंबई इंडियंस को धीमी ओवर गति के लिए दोषी पाया गया और यही वजह है कि पूरी टीम को सजा भुगतनी पड़ी। बयान में कहा गया, ओवर रेट अपराध के संबंध में आईपीएल की आचार संहिता के अंतर्गत यह सीजन में टीम का दूसरा अपराध था। इसलिए हार्दिक पांड्या पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगा। इंपैक्ट खिलाड़ी सहित मुंबई इंडियंस के अन्य खिलाड़ियों पर भी जुर्माना लगा। बयान में कहा गया, इंपैक्ट खिलाड़ी सहित प्लेइंग 11 के शेष सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से 6 लाख रुपये या मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया, जो भी कम हो। बहरहाल, मुंबई इंडियंस का मौजूदा सीजन में खराब प्रदर्शन जारी है। हार्दिक पांड्या के नेतृत्व वाली मुंबई इंडियंस को 10 मैचों में सातवीं शिकस्त सहनी पड़ी। इस जीत के साथ ही लखनऊ सुपरजायंट्स आईपीएल 2024 की प्वाइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर पहुंची। मुंबई इंडियंस की टीम 9वें स्थान पर है।

### दीप्ति शर्मा, रेणुका ने आईसीसी टी20 रैंकिंग में लगाई छलांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सिलहट। भारत की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने आईसीसी महिला टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर पहुंच गईं और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में भारत को पहले मैच में बांग्लादेश पर 44 रन से जीत दिलाने में मदद की। दीप्ति एक स्थान की बढ़त के साथ 725 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन 759 अंकों के साथ गेंदबाजी रैंकिंग में पहले स्थान पर काबिज है। रेणुका चार पायदान की बढ़त के साथ चौथे स्थान पर आ गई है। वह अब तीसरे स्थान से केवल एक अंक दूर है। वहीं बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव और डी हेमलता के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वर्षा बाधित दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस तकनीक के आधार पर 19 रन से हरा दिया। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश के लिए सलामी बल्लेबाज मुर्शिदा खातून ने सर्वाधिक 46 रन बनाए। राधा के तीन विकेट की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी चुनने वाली मेजबान टीम को 119 रन पर समेट दिया। राधा ने 19 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि दीप्ति शर्मा और श्रेयांका पाटिल को दो दो विकेट मिले।

### बतौर विकेटकीपर पंत–सैमसन पर सेलेक्टर्स ने खेला दांव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2024 के लिए बीसीसीआई ने भारतीय टीम का एलान कर दिया है। काफी समय से विकेटकीपरों में किन खिलाड़ियों को मौका मिलेगा, उसकी चर्चा तेजी से की जा रही थी, लेकिन मंगलवार को बीसीसीआई ने जब भारत की स्क्वाड का एलान किया तो उन सभी अटकलों पर पूर्णविराम लग गया। भारतीय टीम में विकेटकीपर के तौर पर संजू सैमसन और ऋषभ पंत को टीम में जगह मिली हैं। केएल राहुल को भारत की स्क्वाड से नजरअंदाज किया गया हैं। पिछले टी20 विश्व कप में केएल राहुल को भारतीय टीम का उप–कप्तान बनाया गया था। दरअसल, टी20 विश्व कप 2024 का आगाज 1 जून 2024 से वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी में होना है। इस मेगा इवेंट के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है, जिसमें टीम की कमान रोहित शर्मा को दी गई, जबकि हार्दिक पांड्या को उप–कप्तान बनाया गया हैं। बीसीसीआई ने भारतीय टीम में कई सरप्राइजिंग फैसले लिए हैं,जैसे केएल राहुल का टीम से पत्ता कट गया। वहीं, विकेटकीपर्स में संजू सैमसन और ऋषभ पंत को टीम में जगह मिली हैं। बता दें कि संजू सैमसन इस समय गजब की फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने आईपीएल 2024 में 77 की औसत और 161.08 के स्ट्राइक रेट से 385 रन बनाए हैं, जिसमें चार अर्धशतक शामिल हैं।

# हमारा दून

रुद्राक्ष का दिव्य पौधा राजयोगिनी शिवानी को माँ गंगा जी के आशीर्वाद स्वरूप किया भेंट।



## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने राज्य आंदोलनकारी उषा रावत का हालचाल जाना

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिमालयन अस्पताल जॉलीग्रांट में भर्ती वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी व उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी सम्मान परिषद की पूर्व अध्यक्ष उषा रावत को फोन कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके जल्द ही स्वस्थ होने की कामना की। आंदोलनकारी मंच के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप कुकरेती ने बताया कि मुख्यमन्त्री की ओर से उनके मीडिया समन्वयक हरीश कोठारी ने अस्पताल जाकर उनकी कुशलक्षेम पूछी और किसी भी तरह की दिक्कत में सरकार की ओर से हर मदद में साथ होने की बात कही। उषा रावत जॉलीग्रांट अस्पताल के प्राइवेट वार्ड में पिछले एक सप्ताह से यूरिन व किडनी इंफेक्शन से पीड़ित हैं।

### रेल कर्मचारियों ने शिकागो शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। नार्दन रेलवे मेंस यूनियन ने मजदूर दिवस पर हर्रावाला रेलवे स्टेशन पर बुधवार को शिकागो के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यहां हुई सभा में यूनियन के शाखा सचिव नरेश गुरुंग ने 24 से 26 अप्रैल तक दिल्ली में हुए एआईआरएफ के शताब्दी अधिवेशन में हुए निर्णयों की जानकारी दी। कहा कि अधिवेशन में पुरानी पेंशन योजना बहाल करने समेत कर्मचारियों की विभिन्न मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई है। समस्याओं के लिए निराकरण के लिए कर्मचारियों से एकजुट रहने की अपील की गई।

### कांग्रेस ने श्रमिक दिवस पर मजदूरों की समस्याओं को उठाया

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस श्रम विभाग ने संवाद कर मजदूर दिवस पर विभिन्न समस्याओं को उठाया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ही मजदूर संगठनों के प्रतिनिधि भी संवाद में शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री विशाल डोभाल और कांग्रेस श्रम विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश सिंह कौशल ने कहा कि कांग्रेस एक मात्र पार्टी है जिसने मजदूरों और गरीबों के हित में सबसे ज्यादा नीतियां बनाकर उन्हें लागू करने का काम किया।

### भारत में लॉन्च हुई इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू आई5 एम60 एक्स ड्राइव

**संवाददाता** देहरादून। भारत में फर्स्ट–एवर बीएमडब्ल्यू आई5 को लॉन्च किया गया है। जो विशिष्ट बीएमडब्ल्यू एम परफॉर्मेन्स मॉडल, बीएमडब्ल्यू आई5 एम60 एक्सड्राइव ड्राइव के रूप में मिलेगी यह ऑल–इलेक्ट्रिक स्पोर्टी एग्जिक्यूटिव सिडैन अपनी सुडौल उपस्थिति, नवाचारी टेक्नोलॉजी, और डाइनैमिक कार्यप्रदर्शन के साथ सबसे आगे है। बीएमडब्ल्यू एम जीएमबीएच के परफॉर्मेंस मॉडल के रूप में ऑल–इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू आई5 एम60 एक्स ड्राइव बतौर मानक निर्दिष्ट बाहरी फीचर्स के साथ आती है।

# नदियों को पुनर्जीवित को नहीं मिला एक्शन प्लान तो नाराज हुई सीएस

**निर्देश**

■ मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को एक सप्ताह की दी डेडलाइन

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखण्ड में जलस्रोतों, धाराओं व नदियों के पुनर्जीवीकरण के सम्बन्ध में जिलों से एक्शन प्लान प्राप्त ना होने पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने इस सम्बन्ध में जिलाधिकारियों को एक सप्ताह की डेडलाइन दी है। विषय की गम्भीरता को देखते हुए सीएस ने जिलाधिकारियों को इस कार्य हेतु जिलें में तत्काल एक पूर्णकालिक समर्पित जलागम नोडल अधिकारी तैनात करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को तत्काल तीन दिन के भीतर जिला स्तरीय स्प्रिंग एंड रिवर रिजूवेनेशन एथोरिटी की बैठक लेने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को इस अभियान से प्रमुखता से जोड़ने के निर्देश दिए हैं।

सीएस ने अपर मुख्य सचिव वित्त को निर्देश दिए कि विभिन्न माध्यमों जैसे मनरेगा, नाबार्ड, कैम्पा, पीएमकेएसवाई से जलस्रोतों व नदियों के पुनर्जीवीकरण हेतु फण्डिंग यूटिलाइजेशन के सम्बन्ध में बैठक करने हेतु पत्र जारी किया जाए।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने बुधवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों को राज्य के जलस्रोतों, नदियों, सहायक नदियों, धाराओं के पुनर्जीवीकरण हेतु जिलावार योजना के स्थान पर हालिस्टक एंड इटिग्रेटेट पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं।



राज्य में जल संरक्षण के सम्बन्ध में आज की महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को जल संरक्षण अभियान 2024 के तहत प्रत्येक ब्लॉक में 10 क्रिटिकल सूख रहे स्प्रिंग तथा जिलें में 20 क्रिटिकल सूख रहे जलधाराओंध्सहायक नदियों के चिन्हीकरण के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक जिले में दीर्घ अवधि के योजना के तहत एक नदी के पुनर्जीवीकरण की योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने मैदानी जिलों में सूख चुके तालाबों के चिन्हीकरण एवं पुनर्जीवीकरण के एक्शन प्लान पर भी कार्य के करने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि जल संरक्षण अभियान 2024 के तहत ग्राम स्तर पर जल संरक्षण कार्य हेतु लक्ष्यों के अंतर्गत बताया गया है कि प्रायः पर्वतीय ग्रामों में 2 से 3 जल स्रोत उपलब्ध होते हैं। इन जल स्रोतों के पुनरुद्धार को लक्षित करते हुए इन स्रोतों के जल संभरण क्षेत्रों में कन्टूर ट्रेचेंज एवं रिचार्ज पिट्स निर्मित किये जा सकते हैं। मैदानी ग्रामों में कच्चे तालाब, चौक डैम एवं रिचार्ज पिट्स के माध्यम से भू–जल रिचार्ज किया जा सकता है। ग्रामों के समीप वन क्षेत्रों एवं चारागाह क्षेत्रों में चाल–खाल का निर्माण किया जा सकता है। सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित विभिन्न सिंचाई योजनाएं सहायक नदियों/धाराओं पर आधारित संभरण क्षेत्रों को चिन्हित कर योजना बनाकर गतिविधियां प्रारंभ की जा सकती हैं।

### योजना निर्माण कर क्रियान्वयन की कार्यवाही हो प्रारंभ

जल संरक्षण अभियान 2024 के तहत विकासखंड स्तर पर क्रिटिकल जल स्रोतों के उपचार का लक्ष्यों में बताया गया है कि क्रिटिकल जल स्रोतों के चिन्हीकरण हेतु पेयजल विभाग एवं जल संस्थान द्वारा चिन्हित ऐसी पेयजल योजनाएं जिसमें जल का प्रवाह अत्यधिक कमी दृष्टिगत हो रही है, के उपचार की योजना निर्माण कर क्रियान्वयन की कार्यवाही प्रारंभ की जा सकती है। केंद्रीय भू–जल बोर्ड द्वारा चिन्हित 4 मैदानी जनपदों में चिन्हित एक्वीफर के रिचार्ज क्षेत्रों में योजना निर्माण कर क्रियान्वयन की कार्यवाही प्रारंभ की जा सकती है। पेयजल विभाग एवं जल संस्थान विभाग द्वारा 145 क्रिटिकल जल स्रोत उपचार हेतु चिन्हित किये गये हैं।

# आपदा से निपटने को समस्त संसाधन तैयार रखें

**मॉक अभ्यास**

■ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने दिए दिशा–निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। चारधाम यात्रा के दृष्टिगत एनडीएमए भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रस्तावित मॉक अभ्यास के संबंध में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा ने अपने कार्यालय कक्ष में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होने संबंधित विभागों एवं एसडीआरएफ, एनडीआरएफ के अधिकारियों को आपदा से निपटने हेतु समस्त उपकरण, साजो सामान एवं संसाधन तैयार रखें। उन्होने कहा कि आपदा जैसी घटनाएं बताकर घटित नहीं होती हैं, ऐसी घटनाओं से निपटने हेतु समय–समय पर मॉक अभ्यास किए जाते हैं ताकि आपदा से निपटने हेतु तैयारियां परखी जा सकें। उन्होंनें सभी विभागों को आपदा से निपटने हेतु आपसी समन्वय से साथ कार्य करने की बात कही।



बैठक में उप जिलाधिकारी सदर हर गिरी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी वंश बहादुर यादव, अपर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ विद्याधर कापड़ी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सी.एस रावत, जीएमडीसी देहरादून डॉ अनुराग अग्रवाल, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ के अधिकारी कार्मिक, अधि अभि जल संस्थान राजेन्द्र पाल, सहायक अभियंता लोनिवि कपिल सिंह, सिविल डिफेंस से अब्दुल हमीद, स्काउट गाईड से जिला सचिव अजय शेखर बहुगुणा, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने राजपुर में कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया

**संवाददाता**

देहरादून। लोकसभा चुनाव में बेहतरीन कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को कांग्रेस ने बुधवार को राजपुर में सम्मानित किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने पूरी ऊर्जा के साथ चुनाव में काम किया और इसके परिणाम भी बेहतर होंगी। महानगर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष उर्मिला ढौंडियाल थापा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने बहुत मेहनत की। उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद पार्टी के लिए काम किया। प्रदेश महासचिव गोदावरी थापली ने कहा कि चुनाव में कांग्रेस ने एकजुटता के साथ काम किया और कार्यकर्ताओं ने बिना किसी मदद के खुद ही प्रचार अभियान चलाया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष डॉ.जसविंदर सिंह गोगी, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन थापली आदि मौजूद रहे।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।